समाचार

स्वच्छता का महाअभियान

वार्ड क्र. 06 में चलाई गई स्वच्छता ड्राईव

(कचरा फैलाने व सी.एण्ड डी.वेस्ट की डम्पिंग पर लगा अर्थदण्ड)

(विशेष सफाई कार्यो के साथ ही डोर–टू–डोर पहुंची निगम की टीम, लोगों को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक)

कोरबा 11 मार्च 2022 – स्वच्छता महाअभियान के दौरान वार्ड क्र. 06 अंतर्गत आने वाले पुराना कोरबा शहर के विभिन्न स्थानों में विशेष स्वच्छता ड्राईव चलाई गई, विशेष साफ–सफाई के कार्य संपादित कराए गए, वहीं सार्वजनिक स्थान पर कचरा फेंकने एवं सी.एण्ड डी.वेस्ट सड़क पर डम्प करने पर संबंधितों को अर्थदण्ड लगाया गया। सफाई कार्यो के साथ–साथ घर–घर पहुंचकर बस्तीवासियों को स्वच्छता में सहयोग देने व सफाई कार्यो के प्रति जागरूक रहने का आग्रह किया गया। रोटरी क्लब के सदस्यों ने महाअभियान में आज भी अपनी सहभागिता दी तथा साफ–सफाई व जनजागरूकता संबंधी कार्यो में भागीदारी निभाई।

यहॉ उल्लेखनीय है कि महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद एवं आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय के मार्गदर्शन में नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा 10 फरवरी से 31 मार्च तक निर्धारित कार्ययोजना के तहत कोरबा शहर में स्वच्छता का महाअभियान संचालित किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज वार्ड क्र. 06 अंतर्गत आने वाले पुराना कोरबा शहर के विभिन्न स्थानों में विशेष स्वच्छता ड्राईव चलाई गई। इस दौरान नालियों की सतह से सफाई,

सड़क के किनारे एवं नालियों में उगी घांस, बर्म व झाड़ियों की सफाई, सी.एण्ड डी.वेस्ट का उठाव, उत्सर्जित कचरे व मलवे का तुरंत उठाव व परिवहन सहित अन्य स्वच्छता संबंधी कार्यो को विशेष अभियान के रूप में संपादित कराया गया। वहीं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, विक्रम अग्रवाल, पारस जैन व रोटरी क्लब के सदस्यों ने वार्ड का भ्रमण कर लोगों को साफ–सफाई के प्रति जागरूक किया तथा बस्ती, मोहल्ले को साफ–सुथरा रखने, सड़क, नाली में कचरा न फेंकने का आग्रह किया।

सभी वार्डो में पहुंचे निगम के अधिकारी, साफ–सफाई पर कड़ी नजर – आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय द्वारा नवीन स्वच्छता मैकेनिज्म के तहत निगम के अधिकारी कर्मचारियों को दी गई वार्डो की जवाबदारी के तहत आज निर्धारित वार्डो में प्रातः 7.30 बजे से निगम के अधिकारी कर्मचारी पहुंचे। उन्होने वार्डो में किए जा रहे साफ–सफाई कार्यो का निरीक्षण किया, स्वच्छता कर्मचारियों की उपस्थिति का परीक्षण किया तथा बेहतर साफ–सफाई कार्यो एवं सफाई कार्य के पश्चात कचरे का तुरंत उठाव व परिवहन करने सहित अन्य स्वच्छता कार्यो के संबंध में स्वच्छता कर्मचारियों का मार्गदर्शन किया।